# राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में चरक जयन्ती एवं संस्कृत सप्ताह का शुभारम्भ समारोह

दिनांक 10 अगस्त, 2026 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर के गुरु गोरक्षनाथ आयुर्विज्ञान संस्थान, आयुर्वेद महाविद्यालय के संहिता सिद्धान्त एवं संस्कृत विभाग, भारतीय ज्ञान परम्परा केन्द्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में चरक जयन्ती एवं संस्कृत सप्ताह का शुभारम्भ समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को संस्कृत भाषा, आयुर्वेद तथा भारतीय ज्ञान परम्परा की समृद्ध विरासत से परिचित कराना एवं इसके संरक्षण तथा संवर्धन के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. विमल दूबे ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत की शिक्षा व्यवस्था में भारतीय ज्ञान परम्परा, मातृभाषाओं एवं संस्कृत जैसी शास्त्रीय भाषाओं के अध्ययन को विशेष महत्व दिया गया है। उन्होंने कहा कि संस्कृत केवल एक प्राचीन भाषा नहीं, बल्कि भारत की विशाल ज्ञान-संपदा की संवाहक भाषा है।

